

बड़े नामों को दिया आराम

हिटमैन को टेस्ट सीरीज में आराम दिया गया है। पिछले कुछ समय से टीम इंडिया के लिए सभी फॉर्मेट में खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी आराम दिया गया है और जसप्रीत बुमराह भी टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। ऋषभ पंत की जगह ऋद्धिमान साहा को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर चुना गया है। केएस भरत बैकअप विकेटकीपर हैं। मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह इस टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं।

## भारतीय टीम का कर दिया गया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत को 25 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट 25 नवंबर से कानपुर में खेला जाएगा। वहीं सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला मुंबई में होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। विराट कोहली को टी–20 सीरीज और पहले टेस्ट के लिए आराम दिया गया है। वह दूसरे टेस्ट मैच में टीम के साथ जुड़ जाएंगे। इस दौरान अजिंक्य रहाणे टीम की कमान संभालेंगे। उपकप्तानी चेतेश्वर पुजारा के जिम्मे है।

**रोहित बनने वाले थे कप्तान?**

पहले खबर थी कि रोहित शर्मा पहले मैच में कप्तानी करेंगे और दूसरे में उन्हें आराम दिया जाएगा। लेकिन बीसीसीआई ने बाद में इसके उलट फैसला किया।भारतीय खिलाड़ी बीते काफी वक्त से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं और बायो–बबल की थकान को लेकर शिकायत भी कर चुके हैं।

# पाकिस्तान हारा लेकिन दिल जीत गए मोहम्मद रिजवान

## साल में हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। टी–20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल और इतने बड़े मुकाबले से पहले पाकिस्तानी खेमे में खलबली मची हुई थी। खबर आई कि मोहम्मद रिजवान बीमार हैं। लक्षण तो कोरोना के थे, लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आने पर थोड़ी राहत थी। मैच से ठीक पहले एक और खबर आई कि रिजवान पूरी तरह फिट हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे। मगर ये तो आधा सच था क्योंकि रिजवान की बीमारी और जज्बे की कहानी से पर्दा तो अब उठा है।

**फेफड़ों में हुआ इंफेक्शनः** मोहम्मद रिजवान फेफड़े में इंफेक्शन के चलते इस मैच से एक रात पहले हॉस्पिटल में थे। रिजवान ने मैदान पर एक भी क्षण के लिए किसी को भी महसूस नहीं होने दिया कि वह इतनी बड़ी लड़ाई लड़कर मैदान पर उतरे हैं। न ही उनके खेल में भी कोई कमी दिखी। इस मैच में



भले ही पाकिस्तान हारा हो, लेकिन रिजवान ने इतिहास रचा।

**टीम की जान है रिजवान**

बाबर–रिजवान की जोड़ी ने पावरप्ले में टीम को इस वर्ल्ड कप की सबसे अच्छी शुरुआत दिलाई। इस दौरान दोनों ने संतुलित अप्रोच दिखाया। अटैक और संयम का बेहतर सामंजस्य दिखाते हुए दोनों ने छह ओवर्स में 47 रन जोड़े। बाबर–रिजवान की जोड़ी ने इस वर्ल्ड कप में तीसरी बार 50 से अधिक रन की पार्टनरशिप की।

**बजाई हेजलवुड की बैंडः** मैच से पहले इस बात को लेकर दिलचस्पी थी कि रिजवान बनाम मिचेल स्टार्क की टक्कर क्या रंग लाएगी। पहला ओवर डालने आए लेफ्ट आर्म पेसर स्टार्क की पहली गेंद पर रिजवान ने लेग बाई लेकर छोर बदला। हेजलवुड की दूसरी गेंद पर ही चौका मारा। उनके अगले ओवर में रिजवान ने सिक्स से स्वागत किया। रिजवान ने हेजलवुड पर अंत तक अटैक जारी रखा और उनके चौथे ओवर, जो कि इनिंग्स का 17वां ओवर था, में 21 रन लूट लिए। जोस हेजलवुड ने अपने चार ओवर्स में बिना किसी सफलता के 49 रन लुटाए।

इस दौरान मोहम्मद रिजवान टी–20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार या इससे अधिक रन बनाने वाले पहले प्लेयर भी बने। इस साल गजब की लय में चल रहे रिजवान ने 23 टी–20 इंटरनेशनल मैचों में आठ बार नॉट आउट रहते हुए कुल 1045 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक सेंचुरी (104') और 10 हाफ सेंचुरी लगाई हैं। उनका स्ट्राइक रेट 136.45 रहा है जबकि उन्होंने 86.08 के औसत से रन बनाए हैं।

टी–20 इंटरनेशनल में रिजवान का ओवरऑल औसत 51.76 है और वह इस मामले में दुनिया में नंबर 2 पर हैं। 29 साल के रिजवान ने 49 टी–20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और इनमें 119 फोर और 42 सिक्स लगाए हैं।

# कोच बनकर गए पाकिस्तान अब रोज पढ़ते हैं कुरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अपने दौर के विध्वंसक सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन फिलहाल पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाजी कोच हैं। वर्ल्ड टी–20 से ठीक पहले पीसीबी ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। ऑस्ट्रेलिया को दो बार वर्ल्ड कप दिला चुके हेडन के नेतृत्व में पाकिस्तानी टीम ने वर्ल्ड टी–20 में गजब का खेल भी दिखाया। मगर सेमीफाइनल में अपने ही कोच की होम टीम यानी ऑस्ट्रेलिया से मात खा बैठे। अब हेडन से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। मोहम्मद रिजवान ने मैथ्यू हेडन को तोहफे में कुरान दी है। हेडन ने खुद बताया था कि अंग्रेजी अनुवाद वाली इस पवित्र किताब




को मैं रोज पढ़ता हूं। हेडन आगे कहते हैं, हमने आधे घंटे तक कुरान पर बातचीत की। रिज्जी (रिजवान) मेरे पसंदीदा लोगों में से एक हैं, वो बहुत शानदार इंसान हैं। बाबर आजम भी बहुत अच्छे खिलाड़ी और इंसान हैं।

**टैलेंटेड प्लेयर हैं पाकिस्तान टीम में:** हेडन मानते हैं कि पाकिस्तान टीम के ड्रेसिंग रूम में मजहब और आस्था के प्रति गहरा समर्पण है। इस्लाम के प्रति रुझान का जिक्र करते हुए हेडन ने एक घटना का जिक्र किया। कहा, श्मैं ईसाई हूं, क्रिश्चियन धर्म को मानता हूं, लेकिन इस्लाम को समझना चाहता हूं। ईश्वर–अल्लाह सब एक है। एक जीसस क्राइस्ट को फॉलो करता है और दूसरा मोहम्मद को। जहां एक ओर हेडन का इस्लाम के प्रति रुझान बढ़ रहा है तो दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग तरह–तरह की बातें भी करने लगे हैं। वैसे यहां यह बात बतानी जरूरी हो जाता है कि कई पाकिस्तान क्रिकेट ने हमेशा से ही गैर मुस्लिमों के साथ कट्टर व्यवहार किया है। ईसाई धर्म मानने वाले महान बल्लेबाज यूसुफ योहाना को मजबूरन इस्लाम अपनाकर अपना नाम बदलना पड़ा था। पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया को सिर्फ हिंदू होने के कारण टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया।

## पाकिस्तान की हार से उतरा शोएब अख्तर का मुंह, फैंस से की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर भावुक नजर आए, क्योंकि उनके देश की टीम टी20 विश्व कप से बाहर हो गई। पाकिस्तान टीम के सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 5 विकेट से हारने के बाद पाकिस्तानी प्रशंसकों से शोएब अख्तर ने अपनी क्रिकेट टीम का समर्थन करने की अपील की। पाकिस्तान सुपर 12 चरण में एक भी मैच न हारने वाली टीम थी। शोएब अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें उनका मुंह उतरा हुआ है और कह रहे हैं, इस खेल से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मैं पूरी तरह से निराश और हृदयविदारक हूं। यह विश्व कप हमारा होना चाहिए था। यह भयानक है, मेरी भावनाएं तुम्हारे साथ हैं, लेकिन हम बुरे हारे हुए नहीं हो सकते। हम इस हार को खुली बांहों और टूटे दिलों के साथ स्वीकार करने जा रहे हैं। हमने अच्छा किया है। पाकिस्तान टीम मैं आपके साथ हूं, ठीक है। मैं पूरे देश से टीम के पीछे रहने और उनका समर्थन करने का अनुरोध करता हूं।

## न्यूज डायरी



## बाबर आजम बोले– कोई किसी पर अंगुली नहीं उठाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। टी–20 वर्ल्ड कप 2021 में पाकिस्तान का सफर खत्म हो चुका है। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार रात ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से हरा दिया। लीग स्टेज में पाकिस्तान ने दमदार खेल दिखाया था और अपने पांचों मैच जीते थे। मगर एक हार ने उसका दूसरी बार चौंपियन बनने का सपना चकनाचूर कर दिया। मैच के बाद कप्तान बाबर आजम ने अपनी टीम में जोश भरने की कोशिश की। हार से हताश खिलाड़ियों को हिम्मत बंधाई। ड्रेसिंग रूम में बीच में खड़े बाबर आजम सपोर्ट स्टाफ और टीममेट्स के बीच घिरे थे। पाकिस्तान क्रिकेट के ट्विटर हैंडल से शेयर किए गए वीडियो में बाबर ढाई मिनट तक अपनी बात रखते नजर आए। पहले तो सारे खिलाड़ियों का शुक्रिया अदा किया। फिर टीम को हार का मतलब समझाया। श्जो हुआ सो हुआश की दुहाई दी। आपस में हार का जिक्र न करने और किसी खिलाड़ी पर अंगुली न उठाने की हिदायत भी दी।

## बाबर आजम का दर्द, बोले वह कैच पकड़ लेते तो और बात होती...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। क्रिकेट में कहते हैं, पकड़ो कैच और जीतो मैच। हसन अली इस बात को बखूबी समझ रहे होंगे। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए दूसरे सेमीफाइनल में उन्होंने 19वें ओवर में मैथ्यू वेड का कैच छोड़ा। इसके बाद वेड ने शाहीन शाह अफरीदी के ओर में लगातार तीन छक्के लगाकर मैच खत्म कर दिया। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम भी हार के बाद काफी निराश नजर आए और उन्होंने इसे मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। कैच तो ऑस्ट्रेलिया ने भी छोड़े और इसका नतीजा भी उसने भुगता और पाकिस्तान 176 के स्कोर तक पहुंच गया। लेकिन पाकिस्तान के कैच ने उसे वर्ल्ड कप टी20 से बाहर कर दिया। मैच प्रजेंटेशन के दौरान बाबर ने कहा, श्हमने अच्छी बल्लेबाजी की। हमने अच्छा स्कोर बनाया था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पारी के अंत में हमने उन्हें कई मौके दिए। बाबर ने हसन अली के कैच का खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने कहा, अगर हम वह कैच ले लेते तो शायद इससे कुछ फर्क पड़ता।

## टी20 वर्ल्ड कप में अर्श से फर्श पर आ गए शाहीन अफरीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। शाहीन शाह अफरीदी ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्डड कप के पहले मुकाबले में जितनी बेहतरीन शुरुआत की थी, आखिरी मैच में उतना ही कूटे गए। पहले मुकाबले में रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली का विकेट लेने वाले अफरीदी को टूर्नामेंट का सबसे बेहतरीन गेंदबाज करार दिया जा रहा था। हालांकि आगे के मैचों में वह उतने विकेट्स तो नहीं ले सके, मगर गेंदबाजी बढ़िया की। मौका सेमीफाइनल का आया तो अफरीदी दूसरी पारी के दौरान दबाव में आ गए। डेथ ओवर्स में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों खासतौर से मैथ्यू वेड ने उनकी जमकर कुटाई की। अफरीदी की टूर्नामेंट की आखिरी तीन गेंदों पर तीन छक्के लगे और पाकिस्तान का बोरिया–बिस्तर बंध गया। वर्ल्ड कप के पहले ओवर में तीन विकेट और आखिरी ओवर में तीन छक्के छाकर अफरीदी का टूर्नामेंट साइकल पूरा हुआ।

## भारत के लिए तीनों प्रारूप में खेलने के लिए है पूरी तरह से तैयार रितुराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के ओपनर बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ ने आइपीएल 2021 सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। उनके इस प्रदर्शन की वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए उन्हें टीम इंडिया में शामिल किया गया है। रितुराज गायकवाड़ की बल्लेबाजी से भारतीय टीम के पूर्व कप्तान व ओपनर बल्लेबाज सुनील गावस्कर काफी प्रभावित हैं। उन्होंने रितुराज की तारीफ करते हुए कहा कि वो एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो क्रिकेट के तीनों प्रारूप में भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करने का दम रखते हैं। सुनील गावस्कर ने कहा कि रितुराज गायकवाड़ में गजब का टैलेंट है।